UP Board Solutions for Class 7 Hindi Chapter 4 बहता पानी निर्मला (मंजरी)

प्रश्न-अभ्यास

कुछ करने को

प्रश्न 1:
यदि आपने बस/रेलगाड़ी से कोई यात्रा की हो तो यात्रा में लिये गये टिकट पर दी गयी जानकारी तथा निर्देश को लिखें।
उत्तर:
संकेत- रेलगाड़ी की टिकट पर दी गई जानकारियाँ मुख्यतः इस प्रकार की होती हैं

पी.एन.आर. नं.	गाड़ी नंबर	तिथि	किमी.	वयस्क	बच्चे	टिकट नंबर
	18238	21-12-2017	192	2	2	72588285

श्रेणी	से आरक्षित	तक आरक्षित	गाड़ी नाम –
शया (शयनयान)	सहारनपुर से नई दिल्ली		ह. निजामुद्दीन छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस

कोच	सीट/ बर्थ	लिंग	आयु	यात्रा प्राधिकार	रियायत	आ. शु.	श. प्र.	सु. प्र.	बाउचर रु.	कु. नकद रु.
स्पेशल	47SL									375

गाड़ी खुलने की तिथि – 21-12-2017 00:15 पहुँचने की तिथि – 21-12-2017 04:15

प्रश्न 2:
"मैंने लाटन का .... शिवसागर पहुँचा।" उपर्युक्त अनुच्छेद को पढ़कर अपने सहपाठियों से पूछने के लिए चार प्रश्न बनाइए।
उत्तर:
प्र० (i) लेखक ने लौटने का निश्चय क्यों किया होगा?
प्र० (ii) लेखक को अंदाज से ही बीच के पक्के हिस्से पर गाड़ी क्यों चलानी पड़ रही थी?
प्र० (iii) लेखक ने क्या देखा था?
प्र० (iv) लेखक शिवसागर कैसे पहुँचे?

विचार और कल्पना

प्रश्न 1:
आपने भी कोई न कोई यात्रा जरूर की होगी। उस यात्रा में कई प्रकार की समस्याएँ आयी होंगी। उन समस्याओं का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।
उत्तर:
विद्यार्थी स्वयं करें।

प्रश्न 2:
आठ घण्टा उस स्वर्गनसैनी पर बैठे-बैठे, असमिया, हिन्दी और बंगला की खिचड़ी में लोगों को बताता रहा कि क्या करें? इन परिस्थितियों में लेखक के मन में क्या-क्या भाव उत्पन्न हुए होंगे? स्वयं को उस स्थान पर रखते हुए लिखिए।
उत्तर:
इन परिस्थितियों में लेखक के मन में तरह-तरह के भाव आ रहे होंगे; जैसे-बाढ़ का पानी यदि ज्यादा ऊपर आ गया तो? यदि यह नाव पलट जाएगी तो क्या होगा? क्या मैं अपने घर सुरक्षित लौट पाऊँगा? मोटरसाइकिल यदि आधे रास्ते में खराब हो गई तो? इत्यादि-इत्यादि।

यात्रावृत्त से

प्रश्न 1:
लेखक ने यात्रा करने के कितने प्रकार बताए हैं और उन्होंने किस प्रकार की यात्रा की?
उत्तर:
लेखक ने यात्रा करने के दो तरीके बताए हैं-एक तरीका तो यह कि आप पहले से ही यात्रा संबंधित पूरी योजना बना लें और दूसरी यह कि आप योजना तो कहीं और जाने की बनाइए और निकल कहीं और जाइए।

प्रश्न 2:
लेखक ने किन स्थानों की यात्रा की ?
उत्तर:
लेखक ने सोनारी और शिवसागर की यात्रा की।

प्रश्न 3:
लेखक ने अपनी यात्रा में किस प्रकार की कठिनाइयों का सामना किया ?
उत्तर:
लेखक जब यात्रा के लिए निकले तो उन्हें बरसात का मौसम होने के कारण कई कठिनाइयों मना करना पड़ा; जैसे-मौसम, खराब था, रास्ता खराब था, पूरी सड़क बाढ़ के पानी में डूबी हुई। थी, न आगे बढ़ने का रास्ता था न पीछे लौटने का।

प्रश्न 4:
'वास्तव में जितनी यात्राएँ स्थूल पैरों से करता हूँ उससे ज्यादा कल्पना के चरणों से करता हूँ' इस वाक्य से लेखक का क्या अभिप्राय है?
उत्तर:
लेखक देश-विदेश भ्रमण के शौकीन और यात्रा-प्रेमी जान पड़ते हैं। स्थूल पैरों से यात्रा करने का उनका तात्पर्य उन स्थानों से हैं जहाँ वे स्वयं शरीर पहुँच सके, लेकिन जिन स्थानों की यात्रा उन्होंने अपनी कल्पनाओं में की, उन स्थानों के विषय में उन्होंने कल्पना के चरणों शब्द का प्रयोग किया है।

प्रश्न 5:
'एक कील की वजह से राज्य खो जाता है' कहावत को लेखक ने किस सन्दर्भ में कहा ?
उत्तर:
एक कील की वजह से राज्य खो जाती है यदि इस अंग्रेजी कहावत की व्याख्या की जाए। तो इस प्रकार राज्य खोने की बात साबित हो पाएंगी कि-"एक कील की वजह से नाल, नाल की वजह से घोड़ा, घोड़े के कारण लड़ाई और

https://www.evidyarthi.in/

लड़ाई के कारण राज्य से हाथ धोना पड़ता है। लेखक ने यह बात इस संदर्भ में कही है कि एक दाँत माँजने के ब्रुश और मोटर की एक मामूली सी ढिबरी लेने के लिए गए और उन्हें लौटने में 3 घंटे की देर हो गई तो वे बाढ़ जैसी मुसीबत में पड़ गए।

प्रश्न 6:
यात्रा करने में हमें नक्शा किस प्रकार सहायता करता है?
उत्तर:
नक्शे से यात्रा करने में काफी सहूलियत मिलती है। नक्शा हमें सही रास्ता, दूरी, नियत स्थान आदि के बारे में पूरी जानकारी देता है।

भाषा की बात

प्रश्न 1:
पाठ में आये अंग्रेजी के शब्दों को छाँटिए और उनके हिन्दी अर्थ ढूँढकर लिखिए?
उत्तर:

टिकट	–	अधिकार-पत्र
होटल	–	भोजनालय या विश्रामालय
सीजन	–	मौसम
ब्रुश	–	दातुन
रिजर्व	–	आरक्षित
मोटर	–	यंत्र
सीट	–	बैठने का स्थान
बर्थ	–	सोने का स्थान

प्रश्न 2:
'एक कील की वजह से राज्य खो जाता है' यह एक कहावत है। ऐसी ही कहावतों को खोजिए और उनका अर्थ लिखिए ?
उत्तर:
अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता – अकेला व्यक्ति कोई बड़ा काम नहीं कर सकता।
आसमान से गिरा खजूर में अटका – एक मुसीबत से निकले तो दूसरी आ पड़ी।
सूरदास की काली कमरी चढ़े न दूजो रंग – आदतें पक्की होती है बदलती नहीं।
सौ सुना की एक लोहार की – काम को फैलाने की अपेक्षा एकदम कर डालना अच्छा होता है।

प्रश्न 3:
उचित संबंधबोधक शब्दों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित वाक्यों को पूरा कीजिए
(क) उसी **के अनुसार** छुट्टी लीजिए और टिकट करवाइए।
(ख) लड़ाई **के कारण** राज्य से हाथ धोना पड़ता है।
(ग) एक मामूली सी ढिबरी **के चलते** हम कैसी मुसीबत में पड़े।
(घ) नदी बढ़कर सड़क **के ऊपर** आ गई।
(ङ) सड़क पर से हटकर किनारे **की ओर** जाने लगे।